भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 863

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

रेबीज़ नियंत्रण कार्यक्रम

863. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पता है कि देश में स्थानिक रेबीज की अत्यधिक घटनाओं का प्रमुख कारण मानव-बस्तियों में आवारा कुत्तों का पाया जाना है जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सारी दुनिया में रेबीज नियंत्रण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू करने पर यह सिद्ध हो चुका है कि ऐसी बीमारी का उन्मूलन करना तकनीकी रूप से संभव है, इसके मद्देनजर, सरकार द्वारा कौन से निवारक कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग) : सरकार इस तथ्य से अवगत है कि मानव-बस्तियों में बिना टीका लगे आवारा कुत्तों की मौजूदगी देश में स्थानिक रेबीज की अत्यधिक घटनाओं में महत्वपूर्ण घटक है। कुत्तों के काटने के मामलों की सूचना एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी)/एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएचआईपी) पोर्टल पर दी जाती है।

इस संबंध में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 12वीं पंचवर्षीय योजना से ही देश भर में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम (एनआरसीपी) कार्यान्वित कर दिया है। इन कार्यक्रमों और रेबीज उन्मूलन कार्यकलापों की निगरानी कार्यक्रम के तहत निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। इस कार्यक्रम की पहलें और निवारक उपायों को निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है;

https://ncdc.mohfw.gov.in/national-rabies-control-programme/

******